कार्यालय – अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर– 208002

पत्र सं0 : 923 /शैक्षिक/2024 दिनांक : 25/10/2024

:: ऑनलाइन इन्रोलमेन्ट फार्म भरने के सम्बन्ध में सूचना ::

शैक्षिक सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के बी0टेक0, बी0टेक0 (लेटरल इंट्री), बी0बी0ए0, बी0टेक0–बायोटेक0, बी0एस0–एम0एस0, बी0फार्म0, एम0सी0ए0, एम0एस0सी0, एम0टेक0, एम0बी0ए0, बीएस–एमएस एवं पी0एच0डी0 (प्रथम वर्ष) पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित छात्रों द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में नामांकन हेतु इन्रोलमेन्ट फार्म शैक्षिक अनुभाग में प्रस्तुत किया जाना है। ऑनलाइन इन्रोलमेन्ट फार्म विश्वविद्यालय की **Student ERP (erp.hbtu.ac.in)** पर दिनांक 26.10.2024 से 01.11.2024 तक उपलब्ध है। समस्त प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं से अपेक्षा है कि ऑनलाइन इन्रोलमेन्ट फार्म भर कर सभी प्रविष्टियों को पूर्ण करते हुये इनरोलमेन्ट फार्म का प्रिन्ट आवश्यक रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्र/छात्राओं के द्वारा **ERP** पर रजिस्ट्रेशन फार्म पूर्ण नही किया गया है ऐसे छात्र रजिस्ट्रेशन फार्म को पूर्ण करना सुनिश्चित करें तदुपरान्त इन्रोलमेन्ट फार्म पूर्ण करने की कार्यवाही कर सकेंगे।

इन्रोलमेन्ट फार्म के साथ निम्नवत् अभिलेखों की छाया प्रति/मूलप्रति (यथा अपेक्षित) दिये गये क्रम में ही इन्रोलमेन्ट फार्म के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। प्रपत्रों की जाँच एवं व्यक्तिगत पत्रावली में संरक्षित करने हेतु विभागावार तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

1. ट्रान्सफर सर्टिफिकेट (टी0सी0)/माइग्रेशन सर्टिफिकेट (अन्य किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश ले अध्ययन कर चुके छात्रों के प्रकरण में)–(मूल प्रति)।
2. JEE Mains-2024, CUET(UG) 2024 and CUET (PG) 2024 की काउन्सिलिंग में दिया गया एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।

   अथवा

   PMSSS / Govt. Nominee के नामित अभ्यर्थियों के प्रकरण में जारी एलॉटमेन्ट लेटर (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
3. बी0टेक0, बी0बी0ए0, बी0एस0–एम0एस0, बी0टेक0–बायोटेक0 एवं बी0फार्म0 में प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
4. बी0टेक0 (लेटरल इंट्री) में प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/डिप्लोमा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
5. एम0सी0ए0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/बी0एस0सी0/बी0सी0ए0) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
6. एम0एस0सी0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0एस0सी0) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
7. एम0टेक0 (पूर्णकालिक) प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0टेक0 एवं अंतिम शिक्षा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
8. एम0बी0ए0 प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/स्नातक) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
9. पी0एच0डी0 (पूर्णकालिक एवं अंशकालिक) प्रवेश के लिये अर्हकारी शैक्षिक योग्यता (हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट/बी0टेक0 एवं अंतिम शिक्षा) की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (स्वसत्यापित छायाप्रति)।
10. पी0एच0डी0 (अंशकालिक) प्रवेश के लिये सेवायोजक द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की मूलप्रति।

यह भी स्पष्ट हो कि सभी छात्र अपना इन्रोलमेन्ट आवेदन दिनांक 01.11.2024 तक ERP Portal के माध्यम से अवश्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें, साथ ही जिन छात्रों के द्वारा उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण नहीं की जायेगी, उनका प्रवेश विश्वविद्यालय से स्वतः निरस्त हो जायेगा एवं उपरोक्त के लिये छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप

प्रतिलिपि : निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे विभाग के सूचना पट्ट पर छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे समस्त छात्रावास के सूचना पट्टों पर छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र–छात्राओं के सूचनार्थ अपलोड करने का कष्ट करें।
4. स्टाफ आफीसर, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच0बी0टी0यू0 कानपुर।

25/10/2024

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप